## लखीमपुर में पुलिस चौकी में पानी घुसा ■ उन्नाव में चल रही जुगाड़ की नाव

# 3 मंजिला मकान ढहा, महिला की मौत

**सावधान**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ/वाराणसी/प्रयागराज। यूपी में इस सीजन मानसूनी बारिश का कोटा लगभग फुल हो गया है। एक जून से अब तक 656.5 मिमी बारिश हो चुकी है। गुरुवार सुबह प्रयागराज, कौशांबी समेत 10 जिलों में बारिश हुई। दोपहर एक बजे से वाराणसी में तेज बारिश हो रही है। आज 36 जिलों में बारिश का अलर्ट है। मुरादाबाद में तीन मंजिला मकान अचानक भरभराकर गिर गया। मलबे में दबकर महिला की मौत हो गई। हादसे के वक्त वह घर में अकेली थी। बारिश की वजह से पिछले कई दिनों से मकान के चारों तरफ पानी भरा हुआ था। इधर, लगातार हो रही बारिश से नदियां उफान पर हैं। 26



जिले बाढ़ की चपेट में हैं। करीब 4 लाख की आबादी प्रभावित है। लखीमपुर खीरी में शारदा नदी की बाढ़ का पानी पुलिस चौकी और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में भर गया है।

बरेली में रामगंगा का कटान तेज हो गया है। 10 साल पुराना एक मंदिर नदी में समा गया। कानपुर से सटे उन्नाव में गंगा नदी उफान पर है। किनारे बसे 10 से ज्यादा गांव टापू बन गए हैं। लोग थर्माकोल और फोम से जुगाड़ की नावें बनाकर आवाजाही कर रहे हैं। लखीमपुर खीरी में शारदा नदी की बाढ़ का असर अब आम लोगों के साथ पुलिस व्यवस्था पर भी पड़ रहा है। सदर तहसील के खीरी थाना क्षेत्र स्थित नकहा पुलिस चौकी और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC) परिसर में बाढ़ का पानी पहुंच गया है। वाराणसी में मौसम विभाग ने आज बारिश का ओरेंज अलर्ट जारी किया है। गंगा का जलस्तर चार दिन बाद एक बार फिर बढ़ने लगा है। गंगा इस समय 69.26 मीटर पर बह रही है। जलस्तर में प्रत्येक दो घंटे में एक सेंटीमीटर की बढ़ोतरी हो रही है। वाराणसी में आज अधिकतम तापमान 33 डिग्री रहने का अनुमान है और हवाएं 5 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चल रही हैं।

### मुरादाबाद में तीन मंजिला मकान अचानक भरभराकर गिरा, महिला की मौत

मुरादाबाद में गुरुवार को तीन मंजिला मकान अचानक भरभराकर गिर गया। हादसे के समय मकान में कासिम की पत्नी गुलाबो (42) अकेली थी। वह मलबे में दब गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने रेस्क्यू कर उसे बाहर निकाल लिया। इसके बाद एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। कासिम मिस्त्री का काम करता है। हादसे के समय वह काम पर गया हुआ था। बताया जा रहा है कि मकान में परिवार के अन्य लोग भी रहते हैं, लेकिन घटना के वक्त वे घर पर नहीं थे। मामला भोजपुर थाना क्षेत्र के अका भीखनपुर गांव का है।



### बरेली में रामगंगा में समाया प्राचीन मंदिर

बरेली के शेरगढ़ के कपूरपुर गांव में रामगंगा नदी का कटान लगातार बढ़ रहा है। कटान की वजह से नदी किनारे बना प्राचीन मंदिर रामगंगा की धारा में समा गया। बुधवार सुबह जब ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो मंदिर नहीं था। ग्रामीणों का कहना है कि मंगलवार रात से कटान तेज हो गया था। इसी वजह से मंदिर नदी में समा गया।

**लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया-यूपी में मानसून अब अपने अंतिम चरण में है। मध्य और पूर्वी यूपी के ज्यादातर जिलों में अगले 24 घंटे में बारिश का सिलसिला थम जाएगा। आम तौर पर यूपी से मानसून की वापसी सितंबर के तीसरे हफ्ते में होती है। इस बार भी हालात लगभग तय समय के आसपास ही मानसून वापसी की ओर इशारा कर रहे हैं।**

# वाराणसी में पायलट ने फ्लाइट उड़ाने से मना किया

## कहा- तबीयत खराब है यात्रियों का हंगामा

तमसा संकेत, एजेंसी



वाराणसी। वाराणसी एयरपोर्ट पर मुंबई जाने वाली इंडिगो फ्लाइट के पायलट ने विमान उड़ाने से मना कर दिया। पायलट ने कहा- तबीयत खराब है। विमान नहीं उड़ा पाऊंगा। पायलट के अचानक मना करने से एयरलाइंस प्रबंधन में हड़कंप मच गया। एयरलाइंस अफसरों ने बोर्डिंग शुरू होने से ठीक पहले यात्रियों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद यात्रियों ने हंगामा शुरू कर दिया।

यात्रियों का कहना है कि एयरलाइंस ने जानबूझकर उड़ान की सही जानकारी नहीं दी। एयरलाइंस ने यात्रियों से कहा कि पायलट का इंतजाम किया जा रहा है। विमान (6E-6544) को सुबह 10:45 बजे वाराणसी से मुंबई के लिए उड़ान भरना था। वहीं, सूत्रों ने दावा किया कि पायलट की तबीयत खराब नहीं हुई थी, बल्कि उसकी ड्यूटी का समय पूरा हो गया था। इसलिए उसने विमान उड़ाने से मना कर दिया। इसके बाद 2:21 बजे विमान ने उड़ान भरी। एयरपोर्ट निदेशक पुनीत गुप्ता ने बताया-मेडिकल कारणों के चलते क्रू विमान उड़ाने की स्थिति में नहीं है। फिलहाल, वैकल्पिक क्रू की व्यवस्था की जा रही है, ताकि उड़ान का संचालन किया जा सके। एक यात्री ने कहा- रिफ्रेशमेंट के नाम पर अभी तक कोई अनाउंसमेंट नहीं किया गया है। पैसेंजर सुबह 8 बजे से आकर बैठे हुए हैं। मेरा सीधा आरोप इंडिगो पर है कि यात्रियों को इस तरह परेशान किया जा रहा है। अगर कोई पैसेंजर 15 मिनट लेट हो जाए तो उसे एयरपोर्ट के अंदर प्रवेश नहीं करने दिया जाता।

**फास्ट न्यूज**

### गुलदार ने गर्दन से पकड़कर महिला को खेत में घसीटा

नजीबाबाद, बिजनौर। बिजनौर में महिला पर गुलदार ने हमला कर दिया। गुरूवार सुबह करीब साढ़े 5 बजे महिला खेत में शौच के लिए गई थी। तभी अचानक गुलदार पीछे से युवती के गर्दन पर हमला करते हुए उसे गन्ने के खेत में घसीट ले गया। महिला के चचेरे भाई ने गुलदार के गुर्राने की आवाज सुनी। घर से कुछ दूरी पर उसे खून के धब्बे दिखाई दिए।

### वृंदावन में युवक को थप्पड़ मारे, प्लास से कान खींचा

मथुरा। वृंदावन में जेब काटने के शक में भीड़ ने एक युवक को पकड़कर पीट दिया। इस दौरान युवक को कई थप्पड़ मारे गए और प्लास से उसका कान खींचा गया। युवक हाथ जोड़कर गिड़गिड़ाता रहा और कहता रहा-छोड़ दो, मैंने गलती नहीं की है। इसके बावजूद लोग उसे पीटते रहे। इस दौरान बैरिकेडिंग के पास एक पुलिसकर्मी भी दिखाई दिया। भीड़ में मौजूद कुछ लोगों ने बीच-बचाव किया। इसी बीच युवक मौका पाकर वहां से फरार हो गया। घटना मंगलवार शाम करीब 7 बजे बांके बिहारी मंदिर से करीब 200 मीटर दूर हरि निकुंज चौराहे के पास की है।

### कानपुर में डोर-टू-डोर सफाई कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

कानपुर । कानपुर में डोर-टू-डोर सफाई व्यवस्था में लगे कर्मचारियों ने गुरुवार को नगर निगम मुख्यालय में प्रदर्शन किया। डोर टू डोर सफाई कर्मचारी एसोसिएशन ने कर्मचारियों के वेतन, ईपीएफ, ईएसआई, सुरक्षा किट और बीमा समेत कई मुद्दे उठाए हैं।

कर्मचारियों ने समस्याओं को लेकर नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर समाधान की मांग की है।

# तख्त के नीचे मिला 15 वर्षीय किशोर का शव

तमसा संकेत, एजेंसी

सूरतगंज (बाराबंकी)। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के बल्लोपुर गांव में गुरुवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब एक 15 वर्षीय किशोर का शव घर में तख्त के नीचे संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। किशोर के गले में कपड़े का फंदा और गले पर निशान थे। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगंज लेकर पहुंचे, जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार बल्लोपुर गांव निवासी श्रवण बाजपेई का 15 वर्षीय पुत्र शिवा बाजपेई घर में था। गुरुवार सुबह करीब साढ़े सात बजे परिजनों की नजर तख्त के नीचे पड़े शिवा पर पड़ी। उसके गले में कपड़े का फंदा लगा हुआ था। परिजनों के



मुताबिक उस समय उसके शरीर में गर्मी महसूस हो रही थी। इसके बाद परिजन तत्काल उसे लेकर सीएचसी सूरतगंज पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि शिवा परिवार में चार बहनों के बीच इकलौता भाई था। उसकी मौत की खबर मिलते ही घर में चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के परिजनों ने गांव के ही एक व्यक्ति पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि बुधवार शाम शिवा पर रुपये चोरी करने का आरोप लगाया गया था। आरोप लगाने के बाद उसे थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने और जेल भिजवाने की धमकी भी दी गई थी।

## कहा- आकाश को पार्टी से ज्यादा ससुर प्रिय, डबल माइंड हो गए, समधी ने संन्यास में देरी की

# मायावती भतीजे पर भड़कीं फिर पार्टी से निकाला

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। बसपा प्रमुख मायावती के परिवार में सियासी कलह बढ़ती जा रही है। उन्होंने भतीजे आकाश आनंद को एक बार फिर पार्टी से निकाल दिया है। मायावती ने गुरुवार सुबह 9 बजे X पर लिखा-आकाश को अपने ससुर से ज्यादा लगाव है। वह डबल माइंड हो गए हैं। 3 सितंबर से उन्होंने मेरी पोस्ट को रिपोस्ट तक नहीं किया। अगर वह पार्टी में स्वतंत्र रहना चाहते हैं तो वे स्वतंत्र हैं। इसलिए आज से उन्हें पार्टी से आजाद कर दिया गया है। उनके ससुर ने इस्तीफे में देरी कर दी। मायावती ने कल यानी बुधवार आकाश की पार्टी में पद वापस देने के लिए उनके ससुर और पूर्व सांसद अशोक सिद्धार्थ के राजनीति से



संन्यास की शर्त रखी थी। मायावती की इस शर्त के करीब 17 घंटे बाद अशोक सिद्धार्थ ने गुरुवार सुबह 7 बजे राजनीति से संन्यास का ऐलान कर दिया। उन्होंने X पर भावुक पोस्ट करते हुए लिखा- संन्यास तो छोटी बात है। बहनजी के लिए जान भी दे सकता हूं। उनके आदेश के आगे परिवार, रिश्ते-नाते सब बहुत छोटे हैं। मैंने कभी आकाश को गुमराह करने की कोशिश नहीं की।



■ ये तस्वीर 3 सितंबर की है। मायावती ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ राष्ट्रीय स्तर की बैठक की थी।

### आकाश ने वफादारी नहीं दिखाई

समधी के इस्तीफे के 2 घंटे बाद मायावती ने भतीजे आकाश को पार्टी से निकाल दिया। उन्होंने कहा- अशोक सिद्धार्थ का राजनीति से संन्यास लेना 'देर आए, दुरुस्त आए' जैसा है। अगर उन्हें आकाश के भविष्य की चिंता होती तो वे कल ही संन्यास ले लेते। अशोक सिद्धार्थ की महत्वाकांक्षा अभी भी बनी हुई है।

आकाश का अपने ससुर से लगाव कम नहीं हुआ है। उन्होंने मेरी X पोस्ट तक रिपोस्ट नहीं की, जबकि पहले वह मेरी पोस्ट रिपोस्ट करके अपनी वफादारी दिखाते रहे हैं। अशोक-आकाश को पार्टी और आंदोलन से ज्यादा अपने निजी और पारिवारिक हितों की चिंता है।

**सूत्र बताते हैं कि बसपा के इकलौते राज्यसभा सांसद रामजी गौतम और अशोक सिद्धार्थ के बीच तनातनी चल रही है। पूरे फैमिली विवाद की यही वजह है। जब-जब पार्टी में अशोक सिद्धार्थ की वापसी हुई तो रामजी गौतम का प्रभाव कम हुआ। उनके कार्यक्षेत्र में बदलाव हुआ। वहीं, जब रामजी गौतम का प्रभाव बढ़ा तो अशोक सिद्धार्थ अलग-थलग हो गए।**

# कारोबारी ने खुद को मारी गोली

## भाई को फोन करके बोला- घर के नीचे आओ, वरना जान दे दूंगा, गर्दन में फंसी बुलेट









तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी । वाराणसी में 52 साल के कपड़ा कारोबारी ने खुद को गोली मार ली। गुरुवार सुबह 5 बजे वह छोटे भाई के घर पहुंचे। फोन कर कहा- घर से नीचे आओ, वरना खुद को मार लूंगा। भाई के नीचे पहुंचने से पहले ही उन्होंने खुद को गोली मार ली और सड़क पर गिर पड़े।

भाई और परिजन उन्हें तुरंत बीएचयू ट्रॉमा सेंटर ले गए। डॉक्टरों के मुताबिक, गोली उनकी गर्दन में फंसी है। उनका इलाज चल रहा है। घरवालों ने बताया कि विजेंद्र सोनी की इकलौती बेटी की शादी होने वाली है। वह कुछ समय से आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे। परिजनों के मुताबिक, इसके चलते वह डिप्रेशन में थे। वेदांता हॉस्पिटल में उनका इलाज भी चल रहा था। हालांकि, उन्होंने यह कदम क्यों उठाया, इसकी साफ वजह सामने नहीं आई है। घटना कैंट थाना क्षेत्र की है। भाई जितेंद्र ने बताया कि गुरुवार सुबह 5 बजे विजेंद्र टहलने निकले थे। करीब 30 मीटर दूर वह मेरे घर और दुकान के पास पहुंचे। उन्होंने घर के नीचे से मुझे फोन किया और नीचे आने को कहा। सुबह का वक्त था, इसलिए मैंने कहा कि थोड़ी देर में मिलते हैं। उन्होंने तुरंत नीचे आने को कहा। कुछ देर बाद गोली चलने की आवाज सुनाई दी। मैं दौड़कर नीचे गया तो मेरा भाई सड़क पर पड़ा था। हम लोग तुरंत उन्हें अस्पताल ले गए।

### साड़ी की दुकान चलाते हैं कारोबारी

विजेंद्र सोनी कैंट थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। वह तीन भाइयों में मंझले हैं। पांडेयपुर में एक ही बिल्डिंग में तीनों भाइयों की दुकानें हैं। यहां श्रीराम ज्वेलर्स और ऊपर श्रीराम साड़ी घर संचालित होता है। विजेंद्र की श्री राम साड़ी के नाम से दुकान है। बड़े भाई नरेंद्र सोनी की श्रीराम अलंकार ज्वेलर्स के नाम से ज्वेलरी की दुकान है। छोटे भाई जितेंद्र सोनी जय मां दुर्गा नाम से ज्वेलरी की दुकान चलाते हैं। विजेंद्र के परिवार में पत्नी, एक बेटी और एक बेटा हैं।

### हाथरस जिला अस्पताल में डॉक्टर रूम की सीलिंग गिरी

हाथरस । हाथरस के हाथरस गेट थाना क्षेत्र स्थित जिला अस्पताल के एनआरसी वार्ड में गुरुवार शाम करीब 4 बजे डॉक्टर रूम की छत की सीलिंग अचानक गिर गई। हादसे के समय कमरे में झाड़ू लगा रहे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मनोज कुमार मलबे की चपेट में आकर घायल हो गए। उनके ऊपर छत का मलबा गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सीलिंग गिरने के बाद डॉक्टर रूम में मलबा फैल गया। हादसे की जानकारी मिलते ही अस्पताल प्रशासन और स्टाफ में खलबली मच गई। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घायल मनोज कुमार को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। गनीमत रही कि हादसे के समय डॉक्टर रूम में मनोज कुमार के अलावा कोई अन्य व्यक्ति मौजूद नहीं था। अगर कमरे में मरीज या अस्पताल का कोई अन्य कर्मचारी मौजूद होता तो वह भी मलबे की चपेट में आ सकता था। घटना के बाद अस्पताल प्रशासन ने स्थिति का जायजा लिया।

# रोज मिल रहे 0 से 5 स्वाइन फ्लू मरीजें अब तक किसी की मौत नहीं

## सीएमओ बोले- पूर्वांचल सुरक्षित, भीड़ में मास्क जरूरी

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी । देश के कई हिस्सों में स्वाइन फ्लू के मामले बढ़ रहे हैं, वहीं वाराणसी में स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है। CMO डॉ. एनपी सिंह ने बताया कि जिले में रोजाना 0 से 5 नए मरीज ही सामने आ रहे हैं और अब तक किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। 1 अगस्त से अब तक करीब 111-112 केस आ चुके है।

सीएमओ के मुताबिक पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मरीज ज्यादा मिल रहे हैं, जबकि पूर्वांचल अभी सुरक्षित स्थिति में है। जांच की सुविधा निशुल्क है और मरीजों के लिए अस्पतालों में करीब 152 बेड की व्यवस्था रखी गई है।

सीएमओ डॉ. एनपी सिंह ने बताया कि वाराणसी में स्वाइन फ्लू के मरीजों की संख्या फिलहाल कम है। रोजाना सामने आने वाले मामलों की संख्या 0 से 5 के बीच रह रही है। इससे ज्यादा मरीज एक दिन में



नहीं मिले हैं। उन्होंने बताया कि 1 अगस्त से अब तक करीब 111-112 केस आ चुके हैं। जांच की प्रक्रिया नियमित रूप से चल रही है और सैंपल की रिपोर्ट उसी दिन देने की व्यवस्था है। सीएमओ ने बताया कि जनपद वाराणसी में अभी तक किसी मरीज की स्वाइन फ्लू से मौत नहीं हुई है। इससे पहले अप्रैल में एक मरीज की मौत हुई थी। उन्होंने कहा कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह तैयार है। डॉ. एनपी सिंह ने बताया कि अभी स्वाइन फ्लू के अधिकतर मामले पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सामने आ रहे हैं।

## घटना : परिवार का इकलौता बेटा था, मां रो-रोकर बेहोश, कह रही- लल्ला वापस ला दो

# खेलते-खेलते नाले में गिरा मासूम, मौत

तमसा संकेत, एजेंसी

बरेली। बरेली में 2 साल के मासूम बच्चे की नाले में डूबने से मौत हो गई। बच्चा घर के बाहर खेल रहा था। मां किचन में खाना बना रही थी और पिता सो रहे थे। खेलते-खेलते सुनील घर के सामने बने खुले नाले में गिर गया।

मां जब बाहर देखने आई तो सुनील दिखाई नहीं दिया। उसने पति को जगाया। आस-पड़ोस में पूछताछ शुरू की। जब कहीं कोई खबर नहीं मिली, तो पड़ोसियों के साथ मिलकर बच्चे को तलाशने लगे।

करीब एक घंटे बाद पड़ोसियों ने घर से लगभग 200 मीटर दूर बच्चे का शव नाले में उतराता देखा। उन्होंने तुरंत चिल्लाकर परिवार को सूचना दी। बच्चे को बाहर निकालकर नजदीकी अस्पताल ले







जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सुनील का शव देखकर मां का बुरा हाल है। वह रोते-रोते बार-बार बेहोश हो रही है। परिजन पानी के छींटे डालकर उन्हें होश में ला रहे हैं। होश आते ही वह बार-बार कह रही हैं- मेरा लल्ला वापस ला दो। हादसा जिला मुख्यालय से 45 किमी दूर अलीगंज थाना क्षेत्र के कैनी इंचौर गांव में बुधवार सुबह 10 बजे हुआ।

कैनी इंचौर गांव के रहने वाले तेजपाल लोधी राजपूत किसान हैं। मां कमला देख नहीं सकती हैं। पत्नी अनारकली घर संभालती है। इकलौते बेटे सुनील के अलावा 2 बेटियां सोनाली (5) और अनामिका (3) हैं। तेजपाल ने बताया- पूरा परिवार घर के अंदर थे। सुनील भी अंदर ही खेल रहा था। खेलते-खेलते बाहर निकल गया। किचन में काम कर रही पत्नी को बेटा नहीं दिखा तो उसने तलाश शुरू की।

उन्होंने बताया- पत्नी ने बेटियों से कहा कि देखो सुनील कहां है। बेटियों के कमरे और बाहर देखा। सुनील कहीं नहीं दिखा तो मां को बताया। उसने मुझे जगाया।

### मकान से आठ कदम की दूरी पर नाला, ऊपर स्लैब नहीं

तेजपाल ने बताया कि मकान से आठ कदम की दूरी पर नाला है। प्रधान ने पिछले साल इसे बनवाया था। नाले की गहराई पांच फीट है। इस पर कोई स्लैब (पत्थर) नहीं डाले गए हैं। इसे पार करके ही हमें सड़क पर जान पड़ता है। हम लोगों ने घर के बाहर नाले के पास खंभे गाड़कर तार बांध दिए थे। बारिश और आंधी में तार खराब होकर सड़ गए।



**सीओ आंवला हेमंत उपाध्याय ने बताया-नाले में गिरने से 2 साल के बच्चे की मौत हुई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।**

# घाघरा का कहर : घरों के बाद अब मस्जिद पर मंडराया कटान का खतरा

## ग्रामीणों का सवाल पहले हो जाते पुख्ता इंतजाम तो आज अपने आशियाने नहीं तोड़ने पड़ते

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। हेतमापुर में घाघरा नदी के घटते जलस्तर के बाद भी रौद्र रूप अब ग्रामीणों के लिए महज बाढ़ का संकट नहीं रह गया है, बल्कि यह उनके घर, जमीन और आस्था के केंद्र तक पहुंच चुका है। लगातार हो रहे भीषण कटान ने कई आशियानों का अस्तित्व मिटा दिया है। अब नदी की धारा मस्जिद के स्थान के बेहद करीब पहुंच गई है। जिस तेजी से नदी किनारे की जमीन को निगल रही है, उससे मस्जिद पर भी कटान का खतरा मंडराने लगा है। हालात ने ग्रामीणों को इस कदर बेबस कर दिया है कि वे प्रशासन से मदद की प्रतीक्षा करने के बजाय अपने हाथों से अपने घरों को तोड़कर ईंट, दरवाजे, छप्पर और गृहस्थी का सामान सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने





में जुटे हैं। हेतमापुर में कटान का मंजर देखकर हर किसी का कलेजा कांप उठता है। कहीं मकान की दीवार नदी में गिर रही है तो कहीं घर का बचा हुआ हिस्सा भी जमीन खिसकने के साथ असुरक्षित हो चुका है। ग्रामीणों ने बड़ी मेहनत और वर्षों की कमाई से जिन मकानों को खड़ा किया था, आज उन्हीं मकानों को अपने हाथों से तोड़ना उनकी मजबूरी बन गई है। कोई दीवार से ईंटें निकाल रहा है, कोई दरवाजे और खिड़कियां उतार रहा है तो कोई घर के भीतर रखा जरूरी सामान समेटकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचा रहा है। ग्रामीणों के लिए यह महज मकान तोड़ना नहीं, बल्कि जीवनभर की जमा पूंजी और यादों को अपनी आंखों के सामने बिखरते देखना है। कटान की बढ़ती रफ्तार ने अब ग्रामीणों की चिंता और बढ़ा दी है। घरों के बाद मस्जिद का स्थान भी कटान क्षेत्र के करीब पहुंच गया है। जिसका थोड़ा सा हिस्सा नदी में भी समा जा चुका है। ऐसे में ग्रामीणों का कहना है कि नदी की धारा लगातार जमीन काटते हुए आबादी की ओर बढ़ रही है। यदि कटान इसी तरह जारी रहा तो मस्जिद को भी बचाना चुनौती बन सकता है।

C M Y K

# यूपी में अब सभी टीचर दे सकेंगे स्पेशल टीईटी

## 5 लाख टीचरों को मिलेगा फायदा, यूपी शिक्षा सेवा चयन आयोग ने स्पेशल टीईटी के लिए विज्ञापन जारी किया है

**फैसला**

तमसा संकेत, एजेंसी





लखनऊ। स्पेशल अध्यापक पात्रता परीक्षा (TET) अब बेसिक शिक्षा परिषद से मान्यता और सहायता प्राप्त स्कूलों के टीचर भी दे सकेंगे। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर के टीचरों को भी परीक्षा के लिए पात्र माना गया है। मतलब, अब हर टीचर TET दे सकता है। सरकार के इस फैसले के बाद अब करीब 5 लाख टीचर TET दे सकेंगे।

अभी तक TET बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों विशेष शिक्षकों के लिए ही आयोजित हो रही थी। बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के निर्देशों के बाद यूपी शिक्षा सेवा चयन आयोग ने स्पेशल TET के लिए विज्ञापन जारी किया है।

अब यूपी TET नहीं पास करने वाले शिक्षक भी इस स्पेशल परीक्षा को पास करके अपनी नौकरी बचा सकेंगे। यूपी बीटीसी शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि इससे 2011 से पहले कार्यरत शिक्षकों को बड़ी राहत मिलेगी।

स्पेशल TET 150 अंकों की होगी। इसमें ऑब्जेक्टिव सवाल पूछे जाएंगे। परीक्षा ढाई घंटे की होगी। हर सवाल एक अंक का होगा, लेकिन निगेटिव मार्किंग नहीं होगी।सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल 1 सितंबर को दिए आदेश में सभी कार्यरत शिक्षकों के लिए 31 अगस्त 2028 तक TET पास करना जरूरी किया था। इसके बाद शिक्षक संगठनों ने विशेष राहत की मांग को लेकर आंदोलन किया था। शासन ने कार्यरत शिक्षकों के लिए अलग से विशेष TET कराने की घोषणा की थी। अब इसकी कार्ययोजना को मंजूरी दे दी गई है। सामान्य वर्ग के शिक्षकों को परीक्षा में कम से कम 90 अंक यानी 60% अंक हासिल करने होंगे। वहीं, एससी, एसटी, ओबीसी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित, पूर्व सैनिक और दिव्यांग अभ्यर्थियों को 82 अंक यानी 55% अंक लाने पर पास माना जाएगा। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के सामान्य अभ्यर्थियों के लिए भी पास होने के लिए 82 अंक जरूरी होंगे। पेपर-1: कक्षा- 1 से 5 तक पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए होगा। इसमें बाल विकास एवं शिक्षण विधि, पहली भाषा हिंदी, दूसरी भाषा के तौर पर अंग्रेजी, उर्दू या संस्कृत में से किसी एक का चयन, गणित और पर्यावरण अध्ययन से सवाल होंगे। सभी विषयों से 30-30 अंकों के प्रश्न होंगे।

### पहले से टीईटी/सीटीईटी पास हैं, तो दोबारा परीक्षा नहीं

अपर मुख्य सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा के मुताबिक, जिन शिक्षकों ने पहले ही TET या CTET पास कर लिया है, उन्हें स्पेशल TET दोबारा पास करने की जरूरत नहीं होगी। वहीं, ऐसे शिक्षक, जिन्होंने अभी तक TET या CTET पास नहीं किया है, उन्हें स्पेशल TET के लिए आवेदन करने और परीक्षा में शामिल होने के लिए कहा गया है। शासन ने बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने स्तर से संबंधित शिक्षकों को इसकी जानकारी उपलब्ध कराएं। जिससे पात्र शिक्षक तय समयसीमा में आवेदन की प्रक्रिया पूरी कर सकें।

### 5 सितंबर से आवेदन, 3 नवंबर को परीक्षा

शिक्षा सेवा चयन आयोग ने स्पेशल TET का विज्ञापन 3 सितंबर को जारी किया था। 5 सितंबर से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, OTR और आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अभ्यर्थी 4 अक्टूबर तक आवेदन शुल्क जमा कर सकेंगे।

आवेदन में किसी तरह का संशोधन करने की अंतिम तारीख 8 अक्टूबर तय की गई है। स्पेशल TET की परीक्षा 3 नवंबर को होगी। यानी अभ्यर्थियों के पास आवेदन प्रक्रिया पूरी करने के बाद परीक्षा की तैयारी के लिए करीब एक महीने का समय रहेगा।

# गर्ल्स-हॉस्टल के बाथरूम में कैमरे लगाने वाली वार्डन पर एफआईआर

## गोरखपुर में नहाते समय का वीडियो वायरल हुआ

तमसा संकेत, एजेंसी



गोरखपुर। गोरखपुर के गर्ल्स हॉस्टल में छात्राओं के बाथरूम में कैमरा लगाने वाली वार्डन के खिलाफ कैंट थाने में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। एक छात्रा ने यह आरोप लगाते हुए मंगलवार की देर रात 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी थी। इसके बाद मोहद्दीपुर स्थित गर्ल्स हॉस्टल में कैंट थाने की पुलिस फोर्स पहुंची।

बाथरूम में एक एंड्रायड मोबाइल रखा गया था, जिसका कैमरा ऑन था। कैमरे का फेस टॉयलेट की तरफ था। छात्रा का आरोप है कि मोबाइल चेक करने पर कई लड़कियों के वीडियो भी मिले हैं। जिन्हें पुलिस ने डिलीट भी कराया है। कुछ वीडियो वायरल भी हो रहे हैं। पूछताछ में पता चला कि हॉस्टल की वार्डन ने अपना मोबाइल बाथरूम में रिकॉर्डिंग ऑन करके रखा था। वार्डन ने पुलिस को बताया कि लड़कियों के इधर-उधर सेनेटरी पैड फेंकने की वजह से रात में 10 बजे मोबाइल रिकॉर्डिंग मोड में ऑन करके बाथरूम में लगाया था।

एसपी सिटी निमिष पाटील ने बताया कि मोहद्दीपुर स्थित उत्तम गर्ल्स हॉस्टल में रहने वाली छात्राओं ने तहरीर दी। जिसके आधार पर बुधवार की शाम वार्डन आरती सिंह के खिलाफ एफआई-आर कैंट थाने में दर्ज कर ली गई है। शिकायत पत्र हॉस्टल की वार्डन द्वारा बाथरूम में मोबाइल रखकर कैमरा लगाकर छात्राओं का नहाते व फ्रेश होते समय वीडियो रिकॉर्ड कर प्राइवेसी भंग करने के सम्बन्ध में दिया गया है।

**फास्ट न्यूज**

### रशियन नागरिक ने काशी में कराया पिता का त्रिपिंडी श्राद्ध

वाराणसी । वाराणसी के पिशाचमोचन तीर्थ पर रूस की रहने वाले नीना ने ऑनलाइन माध्यम से अपने पिता एंड्रे का त्रिपिंडी श्राद्ध कराया। इसके अलावा रूस-यूक्रेन युद्ध में मृत आत्माओं की शान्ति के लिए भी विशेष पूजा और श्राद्ध कराया। पंडित आशापति शास्त्री के सानिध्य में यह पूजा ऑनलाइन माध्यम से सम्पन्न कराई गई। जिसमें नीना रशिया से ऑनलाइन जुड़ी रहीं।

### अजय राय बोले- श्मशान घाट तक में हो रहा भ्रष्टाचार

गोरखपुर। गोरखपुर के राजघाट स्थित अंत्येष्टि स्थल पर गुंबद गिरने से दो अधिवक्ताओं की दर्दनाक मौत ने पूरे शहर को झकझोर दिया है। इस हृदयविदारक घटना के बाद जहां एक ओर शोक और आक्रोश का माहौल है, वहीं दूसरी ओर राजनीतिक हलचल भी तेज हो गई है। गुरुवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय गोरखपुर पहुंचे और मृतक अधिवक्ता संजय सिंह और आलोक अस्थाना के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया।

### नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की जेल

गाजीपुर । गाजीपुर के नोनहरा थाना क्षेत्र में आठ साल पुराने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में पॉक्सो कोर्ट ने फैसला सुनाया है। पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश राम अवतार की अदालत ने आरोपी संजीव राव उर्फ अन्नू को दोषी ठहराते हुए 10 साल के कारावास और 25 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

# 18 मीटर सड़क में बाधा बने मकान पर बुलडोजर चला

## खोराबार टाउनशिप योजना में बन रही है रोड

तमसा संकेत, एजेंसी



गोरखपुर। गोरखपुर विकास प्राधिकरण (GDA) की खोराबार टाउनशिप एवं मेडिसिटी योजना में बन रही 18 मीटर चौड़ी सड़क के निर्माण में बाधा बने एक मकान को गुरुवार को तोड़ दिया गया। योजना के प्रवेश द्वार पर ही यह अतिक्रमण था। GDA उपाध्यक्ष अभिनव गोपाल के निर्देश पर प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम मौके पर पहुंची और उस मकान पर बुलडोजर चलाया। मकान को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया है। अब वहां पर सड़क का निर्माण हो सकेगा।

प्राधिकरण की ओर से खोराबार क्षेत्र में आवासीय योजन विकसित की जा रही है। इसमें भूखंड के साथ फ्लैट की सुविधा भी है। भूखंडों का आवंटन काफी पहले की किया जा रहा है। इस समय वहां पर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट का काम तेजी से किया जा रहा है। इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप होने के बाद भूखंडों पर लोगों को कब्जा दिया जाएगा। देवरिया बाईपास से इस टाउनशिप को जोड़ा गया है। यहां 18 मीटर चौड़ी सड़क बनाई जा रही है। इसके गेट पर ही अतिक्रमण किया गया था। कई बार नोटिस देने के बाद भी जब अतिक्र-मणकारी की ओर से अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो प्राधिकरण ने उसे तोड़ दिया। GDA उपाध्यक्ष अभिनव गोपाल का कहना है कि किसी भी दशा में अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## लड़का हिंदू, लड़की मुस्लिम, 18 दिन से होटल में रुके थे, मैरिज सर्टिफिकेट भी मिला

# प्रेमी-प्रेमिका ने एक फंदे पर लटककर जान दी





तमसा संकेत, एजेंसी




लखनऊ। लखनऊ में प्रेमी-प्रेमिका ने होटल में सुसाइड कर लिया। दोनों के शव एक ही फंदे पर लटकते मिले। 22 साल का लड़का हिंदू और 19 साल की लड़की मुस्लिम थी। पुलिस जांच में सामने आया है कि दोनों के परिवार रिश्ते के खिलाफ थे। इसके बाद दोनों हरदोई से भागकर लखनऊ पहुंचे।

18 दिन से होटल में कमरा लेकर रह रहे थे। बुधवार को दिनभर दोनों कमरे से बाहर नहीं निकले। रात 8 बजे होटल के कर्मचारी ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। फिर खिड़की से झांककर देखा तो दोनों फंदे से लटके हुए थे। उसने फोन करके पुलिस को बुलाया। दूसरी चाबी से कमरा खोला और शवों को फंदे से उतारा। मामला शहर के चिनहट के होटल रेड बिल्डिंग गेस्ट हाउस का है। पुलिस को कमरे में आर्य समाज मंदिर से शादी का सर्टिफिकेट मिला। सर्टिफिकेट में लड़की का नाम नरगिस उर्फ पूजा और लड़के का नाम अमित कुमार लिखा है। पुलिस ने दरवाजा खुलवाया। देखा तो पंखे के हुक से दुपट्टा बांधकर फंदा लगाया गया था। कमरे में कपड़े का एक बैग मिला। शादी का सर्टिफिकेट और सुसाइड नोट, कीपैड वाला मोबाइल फोन, उसका चार्जर समेत डेली यूज की चीजें मिलीं। सुसाइड नोट में दोनों का पता लिखा था। इसके बाद पुलिस ने हरदोई पुलिस से संपर्क किया। पता चला कि लड़की के पिता उस्मान ने 23 अगस्त को हरपा-लपुर थाने में अपहरण की शिकायत दी थी। इसमें बताया- 21 अगस्त की सुबह तीन बजे बेटी नरगिस घर पर मौजूद थी।

### कपल हरदोई के रहने वाले, होटल कर्मचारियों ने पुलिस को सूचना दी

पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला कि अमित कुमार (22) हरदोई के हरपालपुर, जबकि नरगिस (19) पालिया की रहने वाली थी। पुलिस ने बताया कि होटल कर्मचारी राकेश यादव ने फोन पर सूचना दी कि गेस्ट हाउस में युवक-युवती ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। सूचना मिलते ही दरोगा धनंजय सिंह पुलिस टीम के साथ पहुंचे।

> पुलिस को सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें लिखा था- हम लोग अपनी मर्जी से सुसाइड करने जा रहे हैं। मरने के बाद हमारे परिवार को परेशान न किया जाए। दोनों ने सुसाइड नोट के आखिर में सिग्नेचर भी किया है।

## कल्याणकारी योजनाओं, ई-श्रम पोर्टल और डिजिटल ऐप की जानकारी दी गई

# श्रमिकों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए लगा शिविर

तमसा संकेत, एजेंसी



> श्रम विभाग ने सभी श्रमिकों से अपील की कि वे जल्द से जल्द अपना पंजीकरण और प्रोफाइल पूरी करें। ऐसा करके वे सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठा सकते हैं।

अम्बेडकरनगर । अम्बेडकरनगर में गुरुवार को श्रम विभाग ने ग्राम पंचायत अटंगी (कर्मा जगदीशपुर) में एक श्रमिक जागरूकता और पंजीकरण शिविर लगाया। इसका मकसद श्रमिकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना और उन्हें पंजीकरण प्रक्रिया के बारे में जागरूक करना था। यह पहल श्रमिकों को उनके अधिकारों और उपलब्ध लाभों के प्रति शिक्षित करने के लिए की गई।

शिविर में आए श्रमिकों को उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की अलग-अलग योजनाओं की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने विस्तार से बताया कि इन योजनाओं से श्रमिकों को कैसे फायदा मिल सकता है, जैसे कि बच्चों की शिक्षा के लिए सहायता, विवाह सहायता, मातृत्व लाभ और चिकित्सा सहायता।

अधिकारियों ने नए श्रमिक पंजीकरण और पुराने पंजीकरण के नवीनीकरण की पूरी प्रक्रिया समझाई। उन्होंने यह भी बताया कि इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए कौन-कौन से दस्तावेज जरूरी हैं और इसके लिए क्या पात्रता होनी चाहिए। इसमें आधार कार्ड, बैंक पासबुक और कार्य प्रमाण पत्र जैसे आवश्यक अभिलेखों की जानकारी दी गई। इसके अलावा, श्रमिकों को ई-श्रम पोर्टल के तहत आने वाली प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना के बारे में भी बताया गया। इस योजना के फायदे, पात्रता मानदंड और पंजीकरण की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। पात्र श्रमिकों को इस महत्वपूर्ण पेंशन योजना से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया ताकि वे बुढ़ापे में आर्थिक रूप से सुरक्षित रह सकें और उन्हें मासिक पेंशन का लाभ मिल सके।

### यूपी डिजिटल लेबर चौक ऐप के बारे में भी जानकारी दी गई

शिविर में यूपी डिजिटल लेबर चौक ऐप के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। श्रमिकों को बताया गया कि वे इस ऐप को कैसे डाउनलोड कर सकते हैं, अपनी प्रोफाइल कैसे पूरी कर सकते हैं और इसकी डिजिटल सुविधाओं का लाभ कैसे उठा सकते हैं। यह ऐप श्रमिकों को रोजगार के अवसर ढूंढने, अपनी स्किल को अपडेट करने और अन्य सरकारी सेवाओं तक पहुंचने में मदद करता है।

### लखनऊ के शराब कारोबारी को जान से मारने की कोशिश

वाराणसी । वाराणसी के मंडुआडीह थाने में लखनऊ के शराब कारोबारी अरविंद कुमार जायसवाल ने मुकदमा दर्ज कराया है। मुकदमा कोडीन कफ सिरप माफिया शुभम जायसवाल के सहयोगी जेल में बंद वैभव जायसवाल, उसकी पत्नी शिवांगी और मां राधिका के नाम पर दर्ज हुई है। आरोप है कि अपना बकाया 8 लाख रुपए मांगने पर पहले शुभम जायसवाल के नाम पर धमकी दी गयी। उसके बाद जब वह पैसा मांगने आया तो उसे बंधक बना लिया और मारपीट की गयी। किसी तरह उनके चंगुल से छूटा तो जान से मुझपर गोली चला दी।

फिलहाल पुलिस ने संबंधित धराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल में बंद वैभव की पत्नी और मां की तलाश शुरू कर दी है। लखनऊ के शराब कारोबारी अरविंद जायसवाल ने पुलिस कोई बताया - मेरी बी हाइव एन्क्लेव एलएलपी फर्म लखनऊ में है।

# मेडिकल टीम की नाव के करीब पहुंचा विशाल घड़ियाल

## 10-12 फीट का दिखा, स्वास्थ्यकर्मी पर किया हमला

तमसा संकेत, एजेंसी



बाराबंकी। बाराबंकी जिले में बाढ़ के बीच ग्रामीणों तक दवा और जरूरी स्वास्थ्य सामग्री पहुंचाने निकली एक मेडिकल टीम उस वक्त डर गई, जब नदी में मौजूद 10 से 12 फीट के एक विशाल घड़ियाल ने उनकी नाव पर अचानक हमला कर दिया। बाराबंकी के सीएमओ डॉक्टर रंजन गौतम ने बताया कि यह घटना रामसनेहीघाट तहसील क्षेत्र के मारून गांव की है। घड़ियाल के नाव पर हमला करते ही उसमें सवार स्वास्थ्यकर्मियों के बीच हड़कंप मच गया। स्वास्थ्य विभाग 4 सदस्य की टीम बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में नाव के जरिए ग्रामीणों तक दवाएं और अन्य जरूरी सामान पहुंचाने जा रही थी।

नाव नदी के रास्ते आगे बढ़ रही थी, तभी पानी में मौजूद विशाल घड़ियाल अचानक नाव के बेहद करीब आ गया और उसने नाव पर हमला कर दिया। इस अचानक हुए हमले से नाव में बैठे स्वास्थ्यकर्मी घबरा गए। हालांकि, इस दौरान नाव चालक ने बहुत समझदारी दिखाई।

चालक ने बिना घबराए पतवार की मदद से घड़ियाल को नाव से दूर भगाने की कोशिश की। उसकी तेजी से घड़ियाल पीछे हट गया और नाव सुरक्षित आगे निकल सकी।

इस घटना में मेडिकल टीम के किसी भी सदस्य को चोट लगने की खबर नहीं है। सभी स्वास्थ्यकर्मी सुरक्षित बताए जा रहे हैं। लेकिन नदी के बीच घड़ियाल के अचानक सामने आने की घटना ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में वन्यजीवों के खतरे को भी सामने ला दिया है।

**मांग : अगस्त 2025 से अटके वेतन-भुगतान, सीएमओ कार्यालय पहुंचकर जताई नाराजगी**

# अम्बेडकरनगर में बकाया वेतन के लिए सीएचओ का प्रदर्शन

तमसा संकेत, एजेंसी



अम्बेडकरनगर । अंबेडकरनगर में गुरुवार को कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स (सीएचओ) ने बकाया भुगतान की मांग को लेकर सीएमओ कार्यालय पर प्रदर्शन किया। सीएचओ वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से लंबे समय से रुके भुगतान का जल्द निपटारा करने की मांग की। उनका कहना था कि कई बार अधिकारियों को लिखित और मौखिक रूप से समस्या बताई गई, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है।

एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राहुल कुंतल ने बताया कि जिले में तैनात सीएचओ अगस्त 2025 से अपने विभिन्न बकाया भुगतानों को लेकर परेशान हैं। जरूरी दस्तावेज और संबंधित जानकारी विभाग को उपलब्ध कराई जा चुकी है। इसके बावजूद भुगतान लंबित रहने से सीएचओ को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जिला अध्यक्ष के मुताबिक, सीएचओ ने अपनी समस्याओं को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कई बार संपर्क किया। लिखित रूप से भी भुगतान से संबंधित जानकारी दी गई। इसके बाद भी अभी तक बकाया राशि के भुगतान को लेकर कोई स्पष्ट समाधान नहीं हुआ है। इसी नाराजगी के चलते गुरुवार को सीएचओ सीएमओ कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन किया।

एसोसिएशन ने चेतावनी दी कि अगर तय समय में बकाया भुगतानों का निपटारा नहीं किया गया तो अलग-अलग चरणों में विरोध किया जाएगा। हालांकि, पदाधिकारियों ने साफ किया कि उनका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावित करना या मरीजों को परेशान करना नहीं है। वे केवल लंबे समय से रुके कानूनी और जायज भुगतानों को जारी कराने की मांग कर रहे हैं।

### अगस्त 2025 से कई मदों में अटका है पैसा

राहुल कुंतल ने बताया कि सीएचओ का सिर्फ वेतन ही नहीं, बल्कि कई दूसरे भुगतान भी लंबे समय से रुके हुए हैं। इनमें बकाया वेतन, इंक्रीमेंट, एरियर, लॉयल्टी भुगतान, धरना अवधि का वेतन और पीबीआई भुगतान शामिल हैं। एसोसि-एशन का कहना है कि इन सभी मदों से जुड़े जरूरी कागजात पहले ही विभाग को दिए जा चुके हैं।

> प्रदर्शन के दौरान एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कुमुद कुमार, कार्यकारिणी सदस्य राज वर्मा समेत अन्य पदाधिकारियों ने भी बकाया भुगतान जल्द जारी करने की मांग की। पदाधिकारियों ने कहा कि सीएचओ लंबे समय से अपने जायज भुगतान का इंतजार कर रहे हैं। विभाग को इस मामले में जल्द निर्णय लेकर सभी लंबित भुगतान का निपटारा करना चाहिए।

# शौच के लिए गया युवक नाले में गिरा मौत पैर फिसलने से संतुलन बिगड़ा

## गोताखोरों ने घंटों बाद निकाला शव

तमसा संकेत, एजेंसी



अम्बेडकरनगर। अंबेडकरनगर में नाले में डूबने से युवक की मौत हो गई। नंदलाल सुबह करीब 6 बजे शौच के लिए थिरुआ नाले की ओर गया था। नाले के किनारे पहुंचते समय अचानक उसका पैर फिसल गया और संतुलन बिगड़ने से वह पानी में जा गिरा। आसपास मौजूद लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन पानी ज्यादा होने के कारण सफल नहीं हो सके।

युवक के डूबने की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। स्थानीय गोताखोरों को बुलाकर नाले में उसकी तलाश शुरू की गई। काफी देर तक खोजबीन के बाद गोताखोरों ने शव को पानी से बाहर निकाला। शव मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना टांडा थाना की है। बताया गया कि नंदलाल उर्फ पप्पू गुरुवार सुबह करीब 6 बजे घर से शौच के लिए थिरुआ नाले की ओर गया था। नाले के किनारे पहुंचने के दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया। संतुलन बिगड़ने के बाद वह नाले के गहरे पानी में जा गिरा और डूब गया। आसपास मौजूद लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन पानी अधिक होने के कारण युवक तक पहुंचना मुश्किल हो गया।

घटना की जानकारी मिलते ही नंदलाल के परिजन और आसपास के लोग नाले के पास पहुंच गए। परिजनों ने स्थानीय गोताखोरों को सूचना देकर शव की तलाश शुरू कराई। देवेंद्र कुमार उर्फ पप्पू की देखरेख में गोताखोर अभय मांझी, फिरतू मांझी, नेब लाल, वाहिद और अलख मांझी मौके पर पहुंचे। सभी ने नाले में उतरकर युवक की तलाश शुरू की।

नाले में पानी ज्यादा होने के कारण गोताखोरों को शव तलाशने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। काफी देर तक अलग-अलग जगहों पर खोजबीन करने के बाद गोताखोरों ने नंदलाल का शव पानी से बाहर निकाल लिया। शव बाहर आते ही मौके पर मौजूद परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

## रेलवे ट्रैक पर धड़ और गर्दन अलग पड़ी थी, हावड़ा एक्सप्रेस से प्रयागराज जा रहे थे

# आगरा में 2 टुकड़ों में मिला एयरफोर्स जवान का शव

**जांच**

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा । आगरा में रेलवे ट्रैक पर 35 साल के एयरफोर्स जवान का शव दो टुकड़ों में मिला। धड़ से गर्दन अलग थी। वारदात का पता उस वक्त चला, जब यात्रियों ने शव को ट्रैक पर देखकर स्टेशन मास्टर को सूचना दी। गुरुवार सुबह 8 बजे पुलिस पहुंची तो जवान के मोबाइल पर लगातार पत्नी के फोन आ रहे थे। पुलिस ने फोन उठाकर पत्नी से कहा- आपके पति को चोट लगी है, आप एसएन मेडिकल कॉलेज पहुंचिए। इसके बाद पत्नी आगरा स्टेशन पर बच्चों के साथ उतरकर अस्पताल पहुंचीं। यहां उन्हें पति की


नैनाराम, मृतक

मौत के बारे में पता चला। पूरा मामला जिला मुख्यालय से 26 किमी दूर अछनेरा रेलवे स्टेशन के पास का है। एयरफोर्स के जवान नैनाराम पत्नी शोभा और दो बच्चों के साथ हावड़ा एक्सप्रेस से प्रयागराज जा रहे थे। वह राजस्थान के नागौर जिले के खींवसर के रहने वाले थे। GRP का कहना है कि शव प्लेटफॉर्म की दिशा में नहीं, बल्कि दूसरी ओर ट्रैक पर मिला। शुरुआती जांच में सुसाइड की आशंका लग रही है। CO राजेश दीक्षित ने बताया- ट्रेन में मौजूद यात्रियों के मुताबिक, जवान और उसकी पत्नी के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा चल रहा था।

### पुलिस जब पहुंची तो जवान के मोबाइल पर कॉल आ रही थी

जीआरपी इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि स्टेशन मास्टर का मेमो आया था। इसमें बताया गया कि रेलवे स्टेशन पर किसी व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है। इसके बाद GRP मौके पर पहुंची। जब पुलिस वहां पहुंची तो जवान के मोबाइल फोन पर कॉल आ रही थी।

जब तक पुलिस फोन को जवान की पैंट की जेब से निकालती, तब तक कॉल कट गई। जवान का मोबाइल लॉक था। पुलिस ने जवान के हाथ के अंगूठे का फिंगरप्रिंट लेकर मोबाइल फोन का लॉक खोला। फोन में उनके चाचा की मिस्ड कॉल पड़ी थी। पुलिस ने चाचा से बात की तो उन्होंने बताया कि उन्हें भतीजे के बारे में जानकारी नहीं है।

चाचा के फोन के बाद मोबाइल पर जवान की पत्नी का फोन आ गया। पत्नी ने पुलिस से कहा कि उसकी पति से बात कराई जाए। पुलिस वालों ने जवाब में कहा कि आपके पति को चोट लगी है, उन्हें अस्पताल लेकर जा रहे। आप भी वहीं पहुंचिए। आगरा रेलवे स्टेशन पर उतरने के बाद जवान की पत्नी अस्पताल पहुंची। इसके बाद उन्हें पति की मौत का पता चला।


एयरफोर्स जवान की मौत की सूचना पर रेलवे स्टेशन पर उनके साथी भी पहुंचे।

**एयरफोर्स के जवान के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया गया है। यात्रियों और जवान के परिवार वालों से पूछताछ कर उनके बयान में लिए जाएंगे। हालांकि, शव की स्थिति को देखते हुए शुरुआती जांच में केस सुसाइड का लग रहा है।**

# पत्नी बॉयफ्रेंड के साथ भागी पति ने शादी कराई

## पीआरडी जवान ने मंदिर में 7 फेरे कराए, बोला- तुम खुश रहो

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में एक PRD (प्रांतीय रक्षक दल) के जवान ने अपनी पत्नी की शादी उसके बॉयफ्रेंड से करा दी। पत्नी 4 दिन पहले बॉयफ्रेंड के साथ कहीं चली गई थी। पति और घरवालों ने उसकी तलाश की। पुलिस में भी गुमशुदगी दर्ज कराई।

बुधवार को जब पत्नी अपने बॉयफ्रेंड के साथ हरदोई में मिली। उससे ससुरालवालों ने पूछा कि कहां गई थी। इस पर उसने सच्चाई बताई और बॉयफ्रेंड के साथ ही रहने को कहा। पति ने कहा कि इसमें कोई जबरदस्ती नहीं है। तुम हमेशा खुश रहो बस। इसके बाद उसने पत्नी की मर्जी से उसकी शादी बॉयफ्रेंड से करा दी। मामला मलिहाबाद थाना



क्षेत्र का है।

PRD जवान की पत्नी और उसका प्रेमी दोनों एक साथ पढ़ते थे। बचपन से ही दोनों साथ रहे। पढ़ाई के दौरान ही दोनों के बीच दोस्ती हुई और फिर प्यार हो गया। करीब एक साल पहले लड़की की शादी मलिहाबाद में PRD जवान से करा दी गई। लेकिन, शादी के बाद भी वह अपने बॉयफ्रेंड से फोन पर बातें करती रही।

5 सितंबर को वह ससुराल से कहीं चली गई। परिवार ने तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला। इसके बाद PRD जवान ने ही मलिहाबाद थाने में पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने जिले के सभी थानों और आसपास के जिलों में भी उसकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस को PRD जवान की पत्नी हरदोई में अपने बॉयफ्रेंड के साथ मिली। मलिहाबाद पुलिस ने हरदोई पहुंचकर महिला को उसके प्रेमी के साथ थाने ले आई। थाने में दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक बातचीत हुई। परिवारवालों ने महिला को समझाया और घर चलने के लिए कहा। लेकिन, महिला बॉयफ्रेंड को छोड़ना नहीं चाह रही थी।

**फास्ट न्यूज**

### बाढ़ में डूबे मकान में पेंटर का शव मिला

कानपुर । कानपुर के नवाबगंज थाना क्षेत्र के उजिया-रीपुरवा में बाढ़ के पानी में डूबे मकान के बरामदे में गुरुवार सुबह (32 )वर्षीय पुताई कारीगर का शव उतराता मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान संजय उर्फ लाला के रूप में हुई। वह करीब 10 साल से मकान मालिक श्यामबाबू उर्फ पाजी के मकान में अपनी मां तारा देवी के साथ रह रहा था। हादसे के समय उसकी मां लालबंगला में अपने चचेरे भाई के घर रह रही थी और संजय मकान में अकेला था।

### कानपुर में गंगा का पानी गांवों तक पहुंचा

कानपुर । कानपुर में गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ने से किनारे बसे गांवों में बाढ़ का असर दिखने लगा है। भोपाल पुरवा, बनिया पुरवा और भगवानदीन पुरवा में पानी पहुंच चुका है। हालांकि अभी गांवों के घरों तक पानी नहीं पहुंचा है, लेकिन रास्ते जलमग्न हो गए हैं। कई जगह ग्रामीणों को पानी के बीच से होकर निकलना पड़ रहा है। हालात को देखते हुए जिला प्रशासन ने भगवानदीन पुरवा जाने वाले रास्ते पर नाव की व्यवस्था कराई है। डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह और तहसीलदार सदर विनय द्विवेदी ने जिला प्रशासन की टीम के साथ बाढ़ प्रभावित गांवों का निरीक्षण किया।

### बीजेपी विधायक बोले- 4 थानों में पुलिसवाले कर रहे वसूली

आगरा। आगरा की फतेहपुर सीकरी विधानसभा से भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल ने अपनी विधानसभा क्षेत्र के चार थानों से जुड़े छह पुलिसकर्मियों पर वसूली और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। विधायक ने पुलिस आयुक्त को शिकायती पत्र देकर संबंधित पुलिसक-र्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के साथ उन्होंने आरोपों से जुड़े साक्ष्य भी पुलिस आयुक्त को सौंपे हैं।

## कानपुर में रिटायर्ड सिंचाई कर्मी ने थिनर डालकर आग लगाई

### पत्नी ने भी 12 साल पहले आग लगाकर आत्महत्या किया था

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर । कानपुर में गुरुवार सुबह 6 बजे 72 वर्षीय रिटायर्ड सिंचाईकर्मी (चतुर्थ क्षेणी में दफ़्तरी) ने छत पर थिनर डालकर खुद को आग लगा ली। आग की लपटों में घिरे बुजुर्ग को बचाने के लिए पड़ोसी अपनी छत से करीब 10 फीट नीचे कूदकर पहुंचे। हालांकि तब तक वह पूरी तरह आग की चपेट में आ चुके थे। पाइप से पानी डालकर आग बुझाई गई।

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि आग बुझने के बाद भी बुजुर्ग करीब 30 मिनट तक छत पर तड़पते रहे। घर के बाहर कार खड़ी होने के बावजूद उन्हें तत्काल अस्पताल नहीं ले जाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से राम रतन को कांशीराम अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामला थाना चकेरी के सावित्री नगर का है।


राम रतन साहू, मृतक

रात रतन साहू मूलरूप से कानपुर के नवाबगंज क्षेत्र में रहने वाले थे। सिंचाई विभाग में नौकरी करते थे। अक्टूबर 2014 में रिटायर हुए थे। उनकी दो बेटियां कंचन और रुचि हैं। बड़ी बेटी कंचन शाहू पिता के साथ ही रहती है। उसके पति विजय और दो बच्चों लक्ष्य व शानवी रहती हैं। छोटी बेटी रुचि अपने पति नीरज के साथ श्यामनगर स्थित ससुराल में रहती है। बड़ी बेटी कंचन के मुताबिक, पिता बीमार नहीं थे और केवल पैर में हल्का दर्द रहता था। सुबह वह छत पर पहुंचे और थिनर डालकर आग लगा ली। छत का दरवाजा बंद होने के कारण वह तुरंत ऊपर नहीं पहुंच सकी।

## सुप्रीम कोर्ट बोला-बच्ची के साथ रेप की धमकी को हल्के में नहीं ले सकते

# गाजियाबाद की सीजेपी कार्यकर्ता की सुरक्षा करे सरकार : सुप्रीम कोर्ट

तमसा संकेत, एजेंसी

गाजियाबाद। सुप्रीम कोर्ट ने गाजियाबाद में रहने वाली कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) की 14 साल की कार्यकर्ता के घर पथराव और रेप की धमकी के मामले को गंभीरता से लिया है। गुरुवार को कोर्ट ने कहा, इन आरोपों को हल्के में नहीं लिया जा सकता। किसी भी व्यक्ति को पीड़िता या उसके परिवार को डराने-धमकाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। यह मामला उस समय सामने आया, जब वकील ने चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच को बताया कि बच्ची के खिलाफ भी काउंटर FIR दर्ज की गई है, जबकि उस पर कथित हमला और उसे डराने-धमकाने के आरोपी अभी भी गिरफ्तार नहीं हुए हैं।


CJP की नाबालिग कार्यकर्ता को मिल रही धमकियों का सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को संज्ञान लिया।

सुप्रीम कोर्ट ने मामले में उत्तर प्रदेश-दिल्ली सरकार से FIR की स्थिति, लड़की और उसके परिवार को दी जा रही सुरक्षा और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई पर स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। यह सुनवाई कार्यकर्ता के पिता पर हमले के आरोपी स्वतंत्र भारद्वाज से जुड़े मामले में हुई। CJP कार्यकर्ता के पिता ने गुरुवार को X पर दावा किया कि उनकी नाबालिग बेटी को धमकियां दी जा रही हैं। बुधवार को CJP कार्यकर्ता ने ने कहा था कि मैसेज भेजकर उन्हें रेप और जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

### सीजेपी कार्यकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट का जताया आभार

CJP कार्यकर्ता ने अपनी सुरक्षा को लेकर संज्ञान लेने और सुरक्षा प्रदान करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के प्रति आभार जताया है। कहा,न्या-यालय की चिंता और हस्तक्षेप के लिए वह बेहद अभारी हैं। मुझे पूरी उम्मीद है कि संबंधित अधिकारी सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का सम्मान करेंगे और उनका पूरी निष्ठा के साथ पालन सुनिश्चित करेंगे।




### वकील बोले- अगर बच्ची को कुछ हुआ तो बाद में ठीक नहीं होगा

सुनवाई के दौरान CJP कार्यकर्ता के वकील ने कोर्ट को बताया था कि लड़की की शिकायत पर पार्लियामेंट स्ट्रीट पुलिस स्टेशन जांच कर रही है। उस पर हमला करने और धमकाने वाले लोग खुले घूम रहे हैं, जबकि लड़की के खिलाफ ही एक काउंटर FIR दर्ज कर दी गई है। बच्ची के साथ कोई अप्रिय घटना हो गई तो बाद की कार्रवाई से उस नुकसान की भरपाई नहीं की जा सकेगी। इसके जवाब में CJI ने कहा- जांच और हाई पावर कमेटी की प्रक्रिया अपनी जगह है, लेकिन बच्ची की तत्काल सुरक्षा सुनिश्चित करना अलग और जरूरी जिम्मेदारी है। अगर आरोपों का सामना कर रहे लोग खुले घूम रहे हैं और बच्ची या उसके परिवार को आपराधिक कार्रवाई आगे न बढ़ाने के लिए धमका रहे हैं तो यह गंभीर मामला है।

## पूरनपुर में युवकों को युवतियों के कपड़े पहनाकर नचाने का आरोप, एसआई ने शिकायत दी

# जन्माष्टमी मेले में अश्लील डांस कराने पर एफआईआर

तमसा संकेत, एजेंसी

पूरनपुर। पूरनपुर के धर्मापुर खुर्द गांव में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मेले के दौरान स्टेज कार्यक्रम में अश्लील डांस कराने के आरोप में पुलिस ने प्रधानपति अर्जुन वर्मा के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने बुधवार रात करीब 9:30 बजे यह कार्रवाई की। आरोप है कि मेले में 8 और 9 सितंबर की रात युवकों को युवतियों के कपड़े पहनाकर डीजे पर अश्लील गानों पर डांस कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान बजाए गए अश्लील गानों को लेकर मेले में मौजूद महिलाओं और गांव की अन्य महिलाओं को परेशानी होने की बात सामने आई। मामले की जानकारी पुलिस तक पहुंचने के बाद सब इंस्पेक्टर सुरेश कुमार सोनकर ने


जन्माष्टमी मेले के दौरान स्टेज कार्यक्रम में अश्लील डांस कराने के आरोप में प्रधानपति के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर मेले के प्रबंधक और प्रधानपति अर्जुन वर्मा के खिलाफ धारा 296 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। अर्जुन वर्मा रामेश्वर दयाल के बेटे और धर्मापुर

### 4 से 9 सितंबर तक लगा था जन्माष्टमी मेला

पुलिस के मुताबिक धर्मापुर खुर्द गांव में 4 सितंबर से 9 सितंबर तक श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मेले का आयोजन किया गया था। मेले के दौरान अलग-अलग कार्यक्रम हुए। आरोप है कि 8 और 9 सितंबर की रात स्टेज पर डीजे कार्यक्रम के दौरान युवकों को युवतियों के कपड़े पहनाकर डांस कराया गया।

आरोप है कि इस दौरान अश्लील गाने भी बजाए गए। कार्यक्रम देखने पहुंचे लोगों के बीच मौजूद महिलाओं को इससे परेशानी हुई। इसके बाद मामले की शिकायत पुलिस तक पहुंची।

**“घटना के बाद मेले में आयोजित स्टेज कार्यक्रम को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। पुलिस जांच के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि कार्यक्रम में क्या-क्या हुआ और उसकी जिम्मेदारी किस स्तर पर तय होती है।**

गांव के रहने वाले हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। सब इंस्पेक्टर सुरेश कुमार सोनकर ने मामले की जानकारी पुलिस को दी और मेले के प्रबंधक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में प्रधानपति अर्जुन वर्मा का नाम शामिल किया गया।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर अर्जुन वर्मा के खिलाफ धारा 296 के तहत केस दर्ज कर लिया। मामले में पुलिस अब कार्यक्रम और उससे जुड़े तथ्यों की जांच कर रही है। कोतवाल पवन पांडे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर जरूरी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने फिलहाल दर्ज मुकदमे के आधार पर जांच आगे बढ़ा दी है।

## 12वीं के छात्र का शव फंदे से लटका मिला प्रेम प्रसंग की आशंका

### मोबाइल से डिलीट मिले मैसेज पुलिस मामले की जांच में जुटी

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर। कानपुर में बुधवार देर रात 12वीं के छात्र ने घर के कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। छात्र का चचेरा भाई वीरेंद्र कमरे में पहुंचा तो शव पंखे के सहारे दुपट्टे से लटका मिला। यह देख उसकी चीख निकल गई। शोर सुनकर परिवार के लोग और पड़ोसी मौके पर पहुंचे।

सूचना पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच की। पुलिस ने छात्र का मोबाइल कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। मोबाइल में व्हाट्सएप के कुछ मैसेज डिलीट मिलने की बात सामने आई है। पुलिस प्रथम दृष्टया प्रेम प्रसंग समेत अन्य पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। मामला सजेती थाना क्षेत्र के बरीपाल गांव का है। बरीपाल गांव निवासी किसान संजय पांडेय के परिवार में पत्नी राधा पांडेय, बेटी श्रद्धा पांडेय और इकलौता बेटा प्रखर पांडेय



(18) था। प्रखर 12वीं का छात्र था। पिता के मुताबिक बुधवार को उनकी पत्नी और बेटी दवा लेने स्वरूपनगर गए थे। प्रखर उस समय घर पर अकेला था। घर लौटते समय मां और बहन ने किसी काम के सिलसिले में प्रखर को फोन किया, लेकिन कई बार कॉल करने के बावजूद फोन नहीं उठा।इसके बाद परिजनों ने प्रखर के चचेरे भाई वीरेंद्र को फोन कर घर जाकर देखने के लिए कहा। रात करीब आठ बजे वीरेंद्र घर पहुंचा। बाहर से प्रखर के नजर नहीं आने पर वह उसके कमरे में गया। दरवाजा खोलते ही सामने का दृश्य देखकर उसके होश उड़ गए। प्रखर का शव पंखे के सहारे दुपट्टे से लटका हुआ था।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### देश में ही बनेंगे ...

15 जून 2020 को पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में हुई झड़प में 20 भारतीय सैनिक शहीद हुए थे। चीन ने बाद में अपने चार सैनिकों के मारे जाने की बात मानी थी।

भारत और चीन के बीच सिर्फ सीमा विवाद ही नहीं, बल्कि व्यापार और आर्थिक रिश्ते भी बातचीत का हिस्सा हैं। भारत चीन के साथ अपने बड़े व्यापार घाटे को कम करना चाहता है।

इसके अलावा रेयर अर्थ मैगनेट और इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट जैसे जरूरी सामान की सप्लाई को लेकर भी भारत अपनी निर्भरता कम करने की कोशिश कर रहा है। इस साल BRICS की कमान भारत के पास है। BRICS दुनिया की बड़ी उभरती अर्थव्यवस्थाओं का समूह है। इसमें भारत, रूस, चीन, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के साथ मिस्र, ईरान, इथियोपिया, UAE और इंडोनेशिया भी शामिल हैं।

भारत की अध्यक्षता में पूरे साल अलग-अलग शहरों में बैठकें, मंत्रीस्तरीय सम्मेलन और कई स्तर की चर्चाएं हो रही हैं। भारत का फोकस ग्लोबल साउथ की आवाज मजबूत करने, आर्थिक सहयोग, ऊर्जा सुरक्षा, डिजिटल तकनीक, आतंकवाद से निपटने और सप्लाई चेन मजबूत करने पर है। यानी BRICS को सिर्फ राजनीतिक मंच नहीं, बल्कि व्यापार, निवेश और विकास के बड़े मंच के तौर पर आगे बढ़ाने की कोशिश है।

### 14 साल की बच्ची ...

बच्ची और उसके पिता का आरोप है कि इसी मामले में उन्हें डराया-धमकाया जा रहा है। कोर्ट ने इसी मामले पर यह टिप्पणी की है।

सीजेआई ने कहा- अगर ऐसे असामाजिक तत्व हैं जिन्होंने बच्चे के खिलाफ हिंसा की है और वे खुलेआम घूम रहे हैं और बच्चे को डराने-धमकाने की कोशिश कर रहे हैं तो यह एक गंभीर बात है। एसजी मेहता ने कहा कि उन्हें बच्चे की सोशल मीडिया पोस्ट से इस मामले के बारे में पता चला था। वकील ने बताया कि ऐसे वीडियो हैं, जिनमें चार पुलिसकर्मी उन उपद्रवियों के साथ दिख रहे हैं जिन्होंने प्रदर्शनकारियों पर हमला किया था और उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने एसजी से कहा- हम चाहते हैं कि उस एफआईआर पर तुरंत एक्शन लिया जाए और यूपी पुलिस पीड़ित और परिवार को पुलिस प्रोटेक्शन दे। जांच पार्लियामेंट स्ट्रीट पीएस करे।

इसके बाद 24 जुलाई को सोशल मीडिया पर वायरल पॉडकास्ट क्लिप में स्वतंत्र भारद्वाज ने यह दावा किया था कि उसने ही बच्ची के पिता संजय कुमार का सिर फोड़ा था। 60 टांके लगाने पड़े थे।

स्वतंत्र ने यह भी कहा कि उन्हें जेल नहीं जाना पड़ा। बाद में उसने अपने बयान से पलटते हुए कहा कि यह हमला नहीं, बल्कि सेल्फ-डिफेंस था। 10-15 लोगों ने उन्हें घेर लिया था और अगर वह बचाव में कार्रवाई नहीं करते तो उन्हें भीड़ मार सकती थी।

### लद्दाख मुद्दे पर सोनम...

सरकार ने स्थानीय शासन और जमीन से जुड़े नियमों में बड़े बदलाव न करने का आश्वासन भी नहीं दिया।

इससे पहले उन्होंने X पर लिखा- आज हमें मशहूर कॉमेडियन जसपाल भट्टी की मीटिंग्स की याद आ रही है। जैसा कि हमने अंदाजा लगाया था, 9 सितंबर को हुई यह मीटिंग लद्दाख का ध्यान 10 सितंबर से शुरू होने वाले बड़े लेह से कारगिल पदयात्रा मार्च से हटाने के लिए बस एक गुमराह करने वाली बात लग रही है। दुर्भाग्य से भरोसा कम हो रहा है और अविश्वास बढ़ रहा है।

लद्दाख को राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर सोनम वांगचुक ने सितंबर 2025 में आंदोलन किया था। इस दौरान 24 सितंबर को लेह में हिंसा हो गई थी। इन प्रदर्शनों में 4 लोगों की मौत हो गई थी और 90 लोग घायल हुए थे।

हिंसा के दो दिन बाद 26 सितंबर को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA) के तहत वांगचुक को हिरासत में लिया गया था। इसके बाद उन्हें फौरन जोधपुर शिफ्ट कर दिया था। 170 दिन से वे जोधपुर जेल में थे। उन्हें 14 मार्च को रिहा किया गया था।

### भाजपा प्रवक्ता के ...

CJP का आरोप है कि स्वतंत्र भारद्वाज और अन्य लोगों ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान संजय कुमार के साथ मारपीट की थी। इसी मामले में CJP ने स्वतंत्र भारद्वाज के खिलाफ FIR और कार्रवाई की मांग की थी।

इसी दौरान सौरव दास ने एक ग्राफिक शेयर किया। इसमें गौरव भाटिया की तस्वीर और नाम के साथ स्वतंत्र भारद्वाज को 'दिमागी नक्सल' बताए जाने समेत कई बातें लिखी थीं। भाटिया ने ऐसा कोई बयान देने से इनकार किया और पोस्ट को फर्जी बताया।

इसके बाद दास ने पोस्ट डिलीट कर दी और कहा कि ग्राफिक AI से बनाया गया था। आशुतोष रांका पर आरोप है कि उन्होंने दास के पोस्ट को दोबारा शेयर किया था। दिल्ली पुलिस ने 5 सितंबर को स्वतंत्र भारद्वाज को उत्तर प्रदेश के बुलंद-शहर से गिरफ्तार किया था।

जस्टिस तुषार राव गेडेला ने सुनवाई के दौरान दास और रांका से पूछा कि क्या वे पोस्ट खुद हटाने को तैयार हैं। कोर्ट ने कहा कि विरोध करने के कई तरीके होते हैं, लेकिन बिना जांचे इस तरह किसी पर हमला करना सही नहीं है।

कोर्ट ने कहा कि सभी को अपनी बात रखने का अधिकार है, लेकिन उसे सही तरीके से रखना चाहिए। कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर दोनों खुद पोस्ट हटाने को तैयार हैं तो फिलहाल अदालत को पोस्ट हटाने का आदेश देने की जरूरत नहीं है।

सौरव दास के वकील ने बताया कि विवादित ट्वीट पहले ही डिलीट किया जा चुका है। इस पर कोर्ट ने कहा कि एक और पोस्ट भी शेयर की गई थी। इसके बाद दोनों नेताओं के वकीलों को उनसे बात कर बाकी पोस्ट हटाने के बारे में निर्देश लेने को कहा गया। बाद में दास और रांका ने भी पोस्ट हटाने पर सहमति जताई।

### पहचान के आधार ...

राहुल ने इस रवैये को गलत बताते हुए कहा कि ताकत के आधार पर किसी के साथ हिंसा करना स्वीकार नहीं किया जा सकता। घटना 6 सितंबर 2026 की रात करीब 11:30 बजे की है। दक्षिण दिल्ली के आश्रम इलाके में रहने वाले विक्रम सिंह अपने घर के नीचे डिलीवरी बॉय और स्थानीय ढाबे के कर्मचारियों के तेज शोर और हंगामे पर आपत्ति जताने गए थे।

रोप है कि डिलीवरी बॉय और ढाबा कर्मचारियों ने उन पर हमला किया था। आरोपियों ने बिल्डिंग में घुसकर सिंह का तीन मंजिलों तक पीछा किया, और लात-घूसों से उन पर हमला किया। चोटों के कारण सिंह की मौत हो गई।

### आउटसोर्स खत्म ...

अखिलेश यादव ने प्रदेश में बाढ़ की स्थिति को लेकर भी भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार ने बाढ़ की समस्या के समाधान के बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन उसके दावे झूठे साबित हुए। उनका आरोप है कि बाढ़ बचाव के लिए आया बजट जमीन पर काम करने के बजाय भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया और बाढ़ से बचाव के लिए पर्याप्त काम नहीं हुआ।

### मुझे ट्रोल होने वाली ...

अमृता पहले भी अपने बयानों या विचारों को पति की राजनीति से अलग बताती रही हैं।

गरबा आयोजनों में 'लव जिहाद' के मामले सामने आने के दावों पर अमृता ने कहा कि अगर ऐसा कोई मुद्दा है तो इस पर विचार करने की जरूरत है। इस संबंध में सख्त कानून बनाए जा रहे हैं और इससे भी कड़े कानून बनने चाहिए।

मनोज जरांगे पाटील के बारे में पूछे जाने पर अमृता ने कहा- जरांगे पाटील जी मेरे भाई हैं और मैं उन्हें अपने घर पर खाना खाने के लिए बुलाती हूं।

जरांगे पिछले 13 दिन से जालना के अंतरवाली सराटी गांव में मराठा समुदाय को ओबीसी के तहत आरक्षण देने की मांग को लेकर भूख हड़ताल कर रहे हैं।

